# 3,551 उपभोक्ताओं को 627000 हजार की छूट

▸ स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को मिला सोलर ऑवर में 20 प्रतिशत छूट का लाभ

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 18 जून।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के अंतर्गत स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को उनके मासिक विद्युत बिल में टाइम ऑफडे छूट का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में मई 2026 के दौरान श्योपुर के कुल 3 हजार 551 उपभोक्ताओं को मई माह में 6 लाख 27 हजार रुपए की रियायत प्रदान की गई है। कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को उनकी विद्युत खपत के आधार पर टाइम ऑफडे योजना के अंतर्गत यह छूट प्रदान की गई है।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने बताया है कि कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटरिंग पहल के अंतर्गत उपभोक्ताओं को सोलर ऑवर में बिजली उपयोग करने पर विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है। दिन के टैरिफमें स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह सभी छूट अथवा प्रोत्साहन की गणना सरकारी सब्सिडी (यदि कोई हो) को छोड़कर की जा रही है।

कंपनी ने बताया है कि घरेलू, गैर घरेलू, सार्वजनिक जल कार्य, स्ट्रीट लाइट एवं निम्नदाब औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक की अवधि को सोलर ऑवर निर्धारित किया गया है। इस अवधि में उपभोग की गई ऊर्जा पर ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर में 20 प्रतिशत तक की छूट 10 किलोवाट तक स्वीकृत लोड अनुबंध मांग वाले उपभोक्ताओं को प्रदान की जा रही है। प्रबंध संचालक गर्ग ने आमजन एवं उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने परिसरों में स्मार्ट मीटर लगाने में सहयोग करें तथा स्मार्ट मीटर के उपयोग से होने वाले लाभों का अधिक से अधिक फायदा उठाएं। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर से सटीक रीडिंग, पारदर्शी बिलिंग एवं ऊर्जा खपत की रियल-टाइम मॉनिटरिंग संभव हो रही है।

उल्लेखनीय है कि स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को बिजली की खपत को ट्रैक करने, ऊर्जा बचत करने तथा मोबाइल एप के माध्यम से कहीं से भी अपनी खपत की जानकारी प्राप्त करने की सुविधा मिलती है। यह प्रणाली ऊर्जा दक्षता बढ़ाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक सिद्ध हो रही है।

ऊर्जा की खपत को ट्रैक कर नियंत्रित करने और ऊर्जा की बचत करने में मदद करता है। बिजली की खपत को सटीक रूप से मापता है, जिससे बिल में कोई गलती नहीं होती। एप के जरिए मोबाइल पर रियल-टाइम डेटा देखकर ऊर्जा की खपत को नियंत्रित कर सकते हैं। ऊर्जा की गुणवत्ता के बारे में जानकारी मिलती है, ताकि ऊर्जा की खपत को बेहतर बना सकते हैं। ऊर्जा की खपत को ऑनलाइन ट्रैक करने और नियंत्रित करने की सुविधा मिलती है। ऊर्जा की खपत को कम करने से पर्यावरण पर पड़ने वाला प्रभाव कम होता है। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, भोपाल

## प्राकृतिक खेती पर कार्यशाला आज से

**श्योपुर।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा प्राकृतिक खेती पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला 19 जून को श्योपुर में तथा 20 जून को कराहल में आयोजित होगी। उप संचालक कृषि पचौरिया ने बताया कि 19 जून को नगरपालिका ऑडिटोरियम श्योपुर में तथा 20 जून को विकासखण्ड मुख्यालय कराहल पर प्रात: 10 बजे से कार्यशाला आयोजित होंगी। कार्यशाला में कृषि विशेषज्ञों एवं कृषि वैज्ञानिकों द्वारा प्राकृतिक खेती के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की जायेगी तथा डेमो प्रदर्शित किये जायेगे।

## उत्साह-उमंग बढ़ाने वाला होगा राष्ट्रपति का आगमन - मुख्यमंत्री

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 18 जून।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के सबसे बड़े पद पर प्रतिष्ठित राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का मध्यप्रदेश आगमन हम सबके लिए गर्व का विषय है। प्रदेश की आर्थिक राजधानी और लोकमाता देवी अहिल्याबाई की नगरी इंदौर में आदरणीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का आत्मीय स्वागत और अभिनंदन है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु की इंदौर में अगवानी के बाद मीडिया से चर्चा में यह विचार व्यक्त किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु प्रदेश के सफल चीता प्रोजेक्ट का अवलोकन करेंगी। वे सिकलसेल एनीमिया की चुनौती का सामना करने के लिए राज्य सरकार द्वारा विकसित रणनीति के क्रियान्वयन से भी अवगत होंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु की बैतूल में प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में सहभागिता से आध्यात्मिक और स्वयंसेवी संस्थाओं को भी प्रोत्साहन प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों की ओर से राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का स्वागत करते हुए कहा कि उनका आगमन प्रदेश के लिए उत्साह उमंग बढ़ाने वाला होगा।

### बड़ौदा कॉलेज में रसायन शास्त्र के प्रोफेसर नियुक्त

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय महाविद्यालय बडौदा में रसायनशास्त्र के सहायक प्राध्यापक पद पर राहुल रंजन चौधरी की नियुक्ति की गई है।

## विजयपुर के नए सीडीपीओ महावीर

**विजयपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग में महत्वपूर्ण प्रशासनिक फेरबदल करते हुए महावीर खटीक को विजयपुर का नया बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति के बाद विभागीय कार्यों में नई गति और बेहतर समन्वय की उम्मीद जताई जा रही है।

महावीर खटीक को प्रशासनिक कार्यों का अच्छा अनुभव माना जाता है। विभाग को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में आंगनबाड़ी सेवाओं, पोषण अभियान, महिला सशक्तिकरण तथा बाल कल्याण योजनाओं का क्रियान्वयन और अधिक प्रभावी होगा। क्षेत्र में कुपोषण नियंत्रण, गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य संरक्षण तथा शासकीय योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की दिशा में विशेष फोकस रहने की संभावना है। उनकी नियुक्ति को लेकर विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों में उत्साह का माहौल है।

# चीते के हमले से बुजुर्ग महिला घायल

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 18 जून।** पटेलपुरा क्षेत्र में आज सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई जब चीते ने एक बुजुर्ग आदिवासी महिला पर हमला कर दिया। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, आदिवासी भील बस्ती की निवासी सोमाली बाई उम्र लगभग 65 वर्ष, आज सुबह करीब 5 बजे शौच के लिए गांव के बाहर गई थी। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे चीते ने अचानक उन पर हमला कर दिया। चीते के पंजों से महिला की गर्दन और हाथ पर गहरे जख्म आए हैं। महिला के चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और शोर मचाकर चीते को भगाया। ग्रामीणों ने ही घायल महिला को चीते के चंगुल से बचाया।

परिजनों और ग्रामीणों ने तुरंत घायल सोमाली बाई को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार महिला की हालत अभी स्थिर है, लेकिन गर्दन पर गहरे घाव होने के कारण

इलाज जारी है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से इलाके में चीते की आवाजाही देखी जा रही थी।

**वन विभाग की टीम मौके पर** सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई है। वन अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पंजों के निशान के आधार पर जांच शुरू कर दी है। विभाग ने ग्रामीणों से सुबह-शाम अकेले बाहर न निकलने और सतर्क रहने की अपील की है। साथ ही चीते को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की बात कही है। गांव वालों ने प्रशासन से मांग की है कि जंगली जानवरों से सुरक्षा के लिए गांव में शौचालय बनवाए जाएं और गश्त बढ़ाई जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

## एआई आधारित पाठ्यक्रम पर द्वितीय बैच का प्रशिक्षण शुरू

**श्योपुर, 18 जून।** भारत सरकार, नीति आयोग के आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अन्तर्गत मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के तकनीकी सहयोग से कराहल ब्लॉक अंतर्गत माध्यमिक शिक्षको के लिए एआई -आधारित पाठ्यक्रम पर द्वितीय बैच के प्रशिक्षण का आज शुभारंभ किया गया। जिला पंचायत सभागार में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान ब्लॉक फैलो सुश्री दीपांशी जादौन, मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन डीजीएम सत्यप्रकाश नायक, ट्रेनिंग मैनेजर सुश्री प्रीति द्विवेदी, जिला कार्यक्रम अधिकारी शहजाद पठान, विकासखण्ड प्रबंधक नीतेश बैरागी आदि उपस्थित रहें। जनजातीय छात्रों को एआई पाठ्यक्रम में सक्षम बनाने के लिए शिक्षकों के सशक्तिकरण हेतु आयोजित प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को एआई आधारित शैक्षिक गतिविधियाँ, विषय-वस्तु (मेटर) के रूप में छात्रों का मार्गदर्शन करने के तरीके, और कक्षा-स्तर पर गतिविधियों का संचालन व मूल्यांकन के संबंध में प्रशिक्षित किया गया।

# खेत पर कब्जे की कोशिश, किसान पहुंचा एसडीएम के पास

▸ अवैध जोताई, मारपीट और धमकी के आरोप; कार्रवाई की मांग

**नवभारत न्यूज**

**विजयपुर, 18 जून।** विजयपुर तहसील के ग्राम इकलोद में कृषि भूमि पर कथित कब्जे की कोशिश का मामला सामने आया है। पीड़ित किसान उम्मेद रजक ने तहसीलदार एवं एसडीएम विजयपुर को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन के अनुसार किसान की सर्वे नंबर 1798 स्थित कृषि भूमि पर कुछ लोगों ने ट्रैक्टर चलाकर जबरन जोताई कर कब्जा करने का प्रयास किया। किसान का आरोप है कि विरोध करने पर उसके साथ गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी दी गई। घटना की सूचना मिलने के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है। पीड़ित ने प्रशासन को दिए आवेदन में अपनी भूमि को कब्जामुक्त कराने तथा आरोपियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

किसान का कहना है कि वह कानून में विश्वास रखता है और प्रशासन से निष्पक्ष जांच की अपेक्षा करता है। मामले की शिकायत तहसीलदार और एसडीएम विजयपुर को सौंप दी गई है। अब सभी की निगाहें प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

### पुल के पास पानी में पड़ा मिला मृतक स्वान

विजयपुर नगर की जीवन दायिनी नदी मैं निचले पुल के पास एक कुत्ता स्वान मृत हालत मैं पड़ा है जिससे फूलगया क्या नगरपरिषद के सफाई कर्मीयों का ध्यान इस मृतक कुत्ते कोनही देखा गया इस मृतक कुत्ते की ओर स्थानीय प्रशासन का ध्यान ही नहीं गया जब कि नदी के पुल से नगर परिषद के सभी कर्मचारियों और सफाई कर्मचारीयों का आवागमन बना रहता है फिर भी मृतक कुत्ते को नदी मैं से उठबाने की पहल नहीं की, इसी का जीता-जागता उदाहरण है कि स्थाई सीएमओ नहीं हौने की बजह से सभी नगर परिषद के कर्मचारी अपनी मंस्ती मैं है मंस्तराम मंस्ती मैं भाड़ में जाये बंस्ती।

# प्रेमसर में फिर बदला मौसम का मिजाज

**श्योपुर, 18 जून।** श्योपुर के प्रेमसर इलाके में आज मौसम ने एक बार फिर करवट बदली और क्षेत्र में बारिश दर्ज की गई। पिछले कुछ दिनों से जारी उमस और तेज गर्मी के बीच आज दिन में धूप छांव का खेल चलता रहा, जिसके बाद मौसम अनुकूल हो गया। आज दिन का अधिकतम तापमान 39एब् रिकॉर्ड किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 30एब् तक रहने की उम्मीद है। मौसम विभाग के अनुसार आज दिन के समय बारिश की संभावना 30: थी। वर्तमान में रात के समय आंशिक रूप से बादल (चंतजसल बसवनकल) छाए हुए हैं और 6 उची की रफ्तार से पश्चिमी हवाएं चल रही हैं। इस अचानक हुई बारिश से क्षेत्र के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, जिससे स्थानीय निवासियों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत मिली है।

### आज मुक्तिनाद फीडर में बंद रहेगी बिजली

**श्योपुर, 18 जून।** लाइन मेंटीनेंस होने के कारण 11 केव्ही मुक्तिनाद नगर फीडर से 19 जून को प्रात : 07 बजे से प्रात : 11 बजे तक बिजली की सप्लाई बंद रहेगी। प्रबंधक वितरण केन्द्र श्योपुर शहर ने बताया कि उक्त कार्य होने से वार्ड नंबर 14,15, फक्कड चौराहा, गांधीनगर, कमालखेडी एवं आसपास के एरिया में 19 जून को प्रात : 07 बजे से 11 बजे तक विधुत की सप्लाई बंद रहेगी।

## 29 ब्लॉक-उपब्लॉकों में नियुक्त किए प्रभारी

**बैतूल।** जिला कांग्रेस कमेटी बैतूल ने बड़ा संगठनात्मक फैसला लेते हुए जिले के सभी ब्लॉक, नगर एवं उपब्लॉकों के लिए 29 प्रभारियों की नियुक्ति कर दी है। पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय विनोद डागा के नेतृत्व में कांग्रेस संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं जनहितैषी बनाने के उद्देश्य से जिले के सभी ब्लॉक एवं उपब्लॉकों में प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। राजनीतिक जानकार इसे कांग्रेस की आगामी चुनावी रणनीति का हिस्सा मान रहे हैं, जिसके जरिए पार्टी बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय कर जनसंपर्क अभियान को गति देना चाहती है। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता लवलेश बब्बा राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला कांग्रेस नेतृत्व संगठन को गांव, वार्ड और बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए लगातार काम कर रहा है।

## रानी लक्ष्मीबाई की पुण्यतिथि पर किया पौधरोपण

**श्योपुर, 18 जून।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिम के मार्गदर्शन में भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 ई. की महान वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की पुण्यतिथि के अवसर पर शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय श्योपुर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के तत्वाधान में आयोजित उक्त कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा ने कहा कि झांसी की रानी लक्ष्मीबाई द्वारा भारत की ब्रिटिश साम्राज्य से स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। वह अंतिम समय तक संघर्ष करती रही और ब्रिटिश साम्राज्य के सामने आत्मसमर्पण नहीं किया। वह एक योग्य सैनिक, साहसी महिला, निडर योद्धा, प्रजा हितैषी, ममतामयी मां, स्वाभिमानी आदि गुणों से परिपूर्ण थी। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी श्रीमती वेदांकी खंडेलवाल, डॉ परवीन वर्मा, डॉ ललिता सिकरवार, सुश्री अलंकृता साकेत, डॉ पूनम गीद, डॉ खेमराज आर्य, डॉ महेंद्र कैथवास, डॉ राहुल कुशवाहा, डॉ योगेश बाथम, डॉ मनीष सैनी, डॉ कल्याण कुशवाहा, डॉ रामदयाल अहिरवार, खेल अधिकारी हीरा सिंह, डॉ गणेश नामदेव, दीपक शर्मा आदि महाविद्यालय के स्टाफ सहित छात्राएं उपस्थित रहें तथा महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया।

# अतंर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 को

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 18 जून।** अतंर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के अवसर पर जिला एवं ब्लॉक तथा पंचायत स्तर पर सामुहिक योग कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम नगरपालिका के शिवपुरी रोड स्थित आडीटोरियम में होगा। स्वस्थ्य जीवन और दीर्घ आयु के लिए योग थीम पर सामुहिक योग का कार्यक्रम प्रात: 06 बजे से शुरू होगा।

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित संपूर्ण जिले में मुख्य कार्यक्रमों के आयोजन हेतु सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी यश जैन को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व वर्षो की भांति 21 जून 2022 को 12वे अतंर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जा रहा है, जिसके लिए स्वस्थ्य जीवन और दीर्घ आयु के लिए योग थीम निर्धारित की गई है। जिला आयुष अधिकारी डॉ जीपी वर्मा ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सुबह 6 बजे से 7.45 बजे तक योग संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, नगरपालिका आडीटोरियम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान प्रात: 6 बजे से 7.45 बजे तक मुख्य कार्यक्रम होंगे। प्रात: 06 बजे से प्रात: 6.30 बजे तक स्थानीय जनप्रतिनिधियों का उद्बोधन होगा, इसके उपरांत प्रात: 6.30 बजे से 6.45 बजे तक कोलकाता से राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण होगा। ततपश्चात् प्रात: 6.45 बजे से 7 बजे तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण संपन्न होगा। प्रात: 7 बजे से 7.45 बजे तक सामान्य योग प्रोटोकॉल का योगाभ्यास किया जायेगा।

जिला आयुष अधिकारी डॉ जीपी वर्मा ने बताया कि श्योपुर जिले के सभी पंचायतों, स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पीएससी, सीएससी, स्वास्थ्य केंद्र एवं आयुष संस्थाएं आदि विभिन्न स्थानों में योग कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। उक्त संस्थाओं में योग अभ्यास काउंटडाउन कार्यक्रम प्रतिदिन किया जा रहा है, जिसकी यूट्यूब लिंक आयुष विभाग द्वारा प्रतिदिन संबंधित विभाग को दी जा रही है।

# गुरु अर्जनदेव जी के शहीदी दिवस पर शरबत का वितरण

**मुलताई।** सिखों के पांचवें गुरु शहीदों के सरताज गुरु अर्जनदेवजी के शहीदी दिवस पर गुरुवार को पवित्र नगरी के ऐतिहासिक गुरुद्वारे में गुरु की संगत ने राहगीरों को शीतल शरबत का वितरण किया। गौरतलब है कि शहीदी दिवस के पांच दिन पूर्व से गुरद्वारा में संगत द्वारा प्रतिदिन श्रीसुखमणि साहिब जी का पाठ किया जा रहा था।गुरुवार सुबह 11 बजे से संगत ने शबद कीर्तन किया। दोपहर 12 बजे सामूहिक अरदास की गई। उसके बाद गुरु का लंगर और शरबत की छबील लगाई गई। संगत ने गुरुद्वारे के सामने से गुजरने वाले राहगीरों को आग्रह के साथ शरबत पिलाया। साथ ही हलवा चना का प्रसाद भी वितरित किया। गर्मी की तपन से हलकान राहगीरों ने शीतल शरबत ग्रहण किया। वही गुरुद्वारा में लंगर सेवा का आयोजन कर संगत को प्रेम सेवा और मानवता का संदेश दिया गया। गुरुद्वारा गुरुसिंघ सभा के सेवादार सरदार कश्मीर सिंघ ने बताया अर्जनदेव जी शहीदों के सरताज और शांतिपुंज थे।

# मधुकर जयंती पर हुआ साहित्य संगीत का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 18 जून।** सुप्रसिद्ध संगीतज्ञ एवं साहित्यकार पंडित महेश मिश्र मधुकर जी की 85 वी जयंती पर उनके शिष्यों ने काव्य और संगीत की प्रस्तुतियां हेतु एक आयोजन प्राकृतिक मंच पर संपन्न कराया। यह आयोजन झिर का बाग दतिया के प्रांगण में गत दिवस सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष डॉ सलीम कुरैशी, पूर्व बैंक मैनेजर राजीव शुक्ला तथा संस्कार भारती अध्यक्ष संजय भट्ट ने मिश्र जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उद्घाटन किया।

अतिथि स्वागत हरनाम कुशवाह, नारायण सिंह कुशवाह आदि ने अतिथि स्वागत माल्यार्पण कर किया। विनोद मिश्र शैलेंद्र बुधौलिया अनूप गोस्वामी ने मधुकर मिश्र के व्यक्तित्व पर विचार रखे। प्रथम सत्र में कवियों ने अपनी अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर श्रृद्धांजलि अर्पित की। आयोजन समिति ने समस्त कवियों तथा दूसरे सत्र के संगीत कलाकारों को सम्मानित किया तथा हरनाम कुशवाह ने अपनी पुस्तक ललित बुंदेली भेंट की।

संगीत कलाकारों में रतन कुशवाह, अशोक कुशवाह, आदि ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। श्री नारायण कुशवाह ने मधुकर मिश्र रचित लोक गीतों की प्रस्तुतियां इस अवसर पर दी। अंत में सभी कलाकारों को सम्मानित किया गया। नशा मुक्त दतिया अभियान अंतर्गत लोगों ने शपथ भी ली।

## मऊ में कंटूर ट्रेंच का कार्य जारी

**श्योपुर, 18 जून।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण के विभिन्न कार्य किये जा रहे है। मनरेगा परियोजना अधिकारी विक्रम जाट ने बताया कि इसी क्रम में ग्राम पंचायत अजापुरा के ग्राम मऊ में जल संरक्षण के लिए कंटूर ट्रेंच का कार्य कराया जा रहा है, जिससे वर्षाकाल के दौरान मिट्टी का कटाव रूकेगा, साथ ही वर्षाजल का भूमि में संग्रहण होगा।

## जामा का पुरा के पास कुएं में गिरा सांड

**विजयपुर, 18 जून।** नगर से सटे न्यायालय के सामने जामाकापुरा ग्राम के पास रात्रि में 10,11 बजे के बीच एक आबारा सांड कुये मैं गिरगया था अचानक रात्री के अंधेरे मैं कुआं जमीन के बराबर समतल मैं होने के कारण धटना धटी सूचना मिलते ही ग्रमीणौ ने 112 डायल को सूचना दी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मौजा पटबारी ब सीईओ दीपक धाकड़ जनपद ब गौरक्षक ब पत्रकारौ की टीम भी मौके पर पहुंची, जब ग्रामीण कुये मैं गिरे सांड को नहीं निकाल पाते तब प्रशासन ने जेसीबी मशीन से एक धंन्टे की कढ़ी मकशत से सांड को सकुशल कुये से बाहर निकाला।

# युवाओं के कंधों पर है विकसित भारत की जिम्मेदारी : टेलर

▸ श्योपुर में भाजयुमो का भव्य युवा संवाद सेवा,

▸ सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूरे होने पर उमड़ा युवाओं का सैलाब

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 18 जून।** विकसित भारत का अमृत काल,सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के गौरवमयी 12 वर्ष पूरे होने के ऐतिहासिक अवसर पर आज श्योपुर जिला भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यालय में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) द्वारा एक विशाल युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्र निर्माण और विकास की मुख्यधारा से युवाओं को जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में जिले भर से आए सैकड़ों युवाओं और कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम हेमंत टेलर विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम हेमंत टेलर ने कहा कि पिछले 12 वर्षों का कालखंड देश के इतिहास में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण का स्वर्णिम युग रहा है।

आज का भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है, और इसका पूरा श्रेय देश की युवा शक्ति की सोच और उनकी ऊर्जा को जाता है। अंत्योदय के संकल्प के साथ शुरू हुई यात्रा ने आज देश के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुँचाया है। कार्यक्रम के मंच पर युवा मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, श्योपुर जिले के वरिष्ठ भाजपा नेतागण, युवा मोर्चा के जिला पदाधिकारी और मंडल स्तर के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भारी संख्या में मौजूद रहे।

### कार्यकर्ताओं में दिखा अभूतपूर्व उत्साह

कार्यक्रम के समापन सत्र में भारत माता के जयकारों और संगठन के नारों से पूरा भाजपा कार्यालय गूंज उठा। युवा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष श्याम हेमंत टेलर का श्योपुर आगमन पर गर्मजोशी से स्वागत और अभिनंदन किया। इस संवाद कार्यक्रम ने न केवल कार्यकर्ताओं में एक नई ऊर्जा का संचार किया है, बल्कि आगामी संगठनात्मक कार्यों के लिए श्योपुर भाजयुमो की मजबूत नींव को भी दर्शाया है।

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**

IDFC FIRST Bank

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
(CIN-L65110TN2014PLC097792)
रजिस्टर्ड ऑफिस : के आरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
फोन : +914445644000, फैक्स: +914445644022

**सार्वजनिक सूचना**
**स्वर्ण नीलामी सह निमंत्रण सूचना**

नीचे उल्लिखित उधारकताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त उधारकताओं ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (बैंक) से सोने के आभूषण गिरवी रखकर ऋण लिया था और बार-बार याद दिलाने और नोटिस भेजने के बावजूद, वे निर्धारित समय के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं। तदनुसार, बैंक अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए, बकाया राशि की वसूली के लिए 21 जुलाई 2026 से 23 जुलाई 2026 तक गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी आयोजित करेगा। उधारकताओं को सूचित किया जाता है कि निरीक्षण/बोली की तिथि से पहले लागू ब्याज, शुल्क और खर्चों सहित पूरी बकाया राशि का भुगतान करने का यह अंतिम अवसर है, अन्यथा नियामक द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों के अनुसार गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों को नीलामी के माध्यम से बेच दिया जाएगा।

| ऋण खाता संख्या | ऋण लेने वाले का नाम | शाखा का नाम |
|---|---|---|
| 167913474 | सौरभ कौरव | दतिया एमबीएल |
| 175723075 | ईमरान खान | शिवपुरी एमबीएल |

नीलामी की स्थिति में यदि कोई अधिशेष राशि प्राप्त होती है, तो वह संबंधित उधारकर्ता को वापस कर दी जाएगी। नीलामी के बाद यदि कोई घाटा/कमी रह जाती है, तो शेष राशि उचित कानूनी कार्यवाही के माध्यम से उधारकर्ता से वसूल की जाएगी। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी खाते को नीलामी से हटाने का अधिकार रखता है। इसके अलावा, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के, अपने विवेकानुसार नीलामी कार्यक्रम में संशोधन करने या उसे आगे की तिथि तक स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। नीलामी का आयोजन आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के सूचीबद्ध नीलामी सेवा प्रदाताओं, मेसर्स श्रीराम ऑटो मॉल इंडिया लिमिटेड द्वारा सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक भौतिक रूप से किया जाएगा। यदि ग्राहक की मृत्यु हो जाती है, तो नीलामी से संबंधित सभी शर्तें उनके नामित व्यक्ति/कानूनी उत्तराधिकारी पर लागू होंगी।

**नीलामी की शर्तें एवं नियम :**
1) संबंधित सोने के आभूषणों की बिक्री "जैसा है, जहाँ है", "जैसा है, जो है" और "जो भी उपलब्ध है" के आधार पर होगी।
2) इच्छुक बोलीदाताओं को बैंक के अधिकृत नीलामी सेवा प्रदाता के साथ पंजीकरण करना होगा और केवाईसी संबंधी आवश्यकताओं का पालन करना होगा।
3) बोली जमा करने से पहले आभूषणों और उनकी विशिष्टताओं का निरीक्षण करना और उनसे संतुष्ट होना बोलीदाताओं की जिम्मेदारी होगी। बोलीदाता शाखा प्रबंधक से परामर्श करके आभूषणों का निरीक्षण कर सकते हैं।
4) उच्चतम बोली बैंक के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा पुष्टि के अधीन होगी।
5) सफल बोलीदाता को निर्धारित समय के भीतर पूरी बिक्री राशि जमा करनी होगी, अन्यथा जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
6) एक बार बेचे गए सोने के पाउच किसी भी परिस्थिति में विक्रेता को वापस नहीं किए जा सकते हैं और विजेता बोलीदाता/खरीददार द्वारा भौतिक रूप से सौंपे जाने के बाद विक्रेता किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।
7) बैंक के अधिकृत प्रतिनिधि को बिना किसी पूर्व सूचना या कारण बताए किसी भी बोली को स्वीकार/अस्वीकार करने या नीलामी को रद्द/स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है।
8) बिक्री बैंक द्वारा पुष्टि के अधीन है।

दिनांक: 19.06.2026
स्थान: मध्यप्रदेश

एसडी/-
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के
अधिकृत अधिकारी